## सार-समाचार

### जानलेवा हमला के तीन आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के सूरसागर थाना क्षेत्र में रात को एक बस्ती में आपसी रंजिश के चलते मां बेटे पर जानलेवा हमला हुआ। हमले में मां घायल हो गई और उसके पर्चा बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की। तीन आरोपियों को पकड़ा है। रंजिश का कारण दो तीन साल पहले किसी लडक़ी को लेकर शुरू हुआ था। सूरसागर थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि रात को एक महिला के पर्चा बयान पर केस दर्ज किया है। जिसमें उसके घर के सामने रहने वाले लोगों ने जानलेवा हमला किया। उसके बेटे की कार में भी आग लगा दी। पुलिस ने तीन आरोपियों भूरटिया गली निवासी जसवंत, विशाल एवं करण पुत्र को पकड़ा है। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश पासवान, पुलिस उपायुक्त पश्चिम विनित कुमार बंसल के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम रोशन मीणा और सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त प्रतापनगर रविन्द्र कुमार बोथरा के सुपरविजन में थानाधिकारी हरीश चन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में गठित टीम ने इन आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों द्वारा सरियों से जानलेवा हमला कर तोडफ़ोड़ कर और पीड़ित के घर के बाहर खड़ी कार आग लगा दी गई थी। पुलिस टीम में हैडकांस्टेबल सेणीदान, कांस्टेबल मनीष, राजूसिंह, महिला कांस्टेबल गोरधनी, शंकरलाल भी शामिल रहे।

### घायल महिला जातरू सहित तीन की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किए। करवड़ पुलिस ने बताया कि अजमेर के रूपनगढ़ स्थित पेट्रोल पंप के पास रहने वाला सुरेश भाट बाइक से रामदेवरा गया था। वापसी के समय वह बाइक लेकर पत्नी जाटादेवी संग लौट रहा था। तब करवड़ क्षेत्र में उसकी बाइक आवारा पशु से टकरा गई और उसकी पत्नी बाइक से नीचे गिर गई। इस पर घायलावस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ लूणी पुलिस के अनुसार नंदवान गांव निवासी जींयाराम गवारिया लूणी क्षेत्र में चलती बस से नीचे गिरने पर घायल हो गया था। जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर उसकी अब मौत हो गई। उसके पुत्र प्रेमाराम गवारिया की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इधर भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि झालामंड स्थित सिनवाडियों की ढाणी में रहने वाले महेंद्र पुत्र नारायण राम प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि उसका भतीजा मधुबन से पाली रोड की तरफ आ रहा था। तब किसी कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। उसके भतीजे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई।

### शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह शुक्रवार को संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जालोरी गेट जोधपुर में हुआ। संसदीय कार्य मंत्री ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा आज का दिन शिक्षकों के सम्मान, उनकी महत्वपूर्ण सामाजिक भूमिका को मान्यता के लिए समर्पित एक उत्सव है। उन्होंने कहा यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात दार्शनिक एवं विद्वान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पटेल ने डॉ. राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि वे शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त साधन मानते थे। उन्होंने कहा कि महान शिक्षक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं। राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदाता नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, संस्कारों और आदर्शों के मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने कहा गुरु-शिष्य परंपरा हमारी संस्कृति की आत्मा है। इस अवसर पर शहर विधायक अतुल भंसाली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 वर्ग में राउमावि कड़वड़ से भागीरथ विश्नोई,कक्षा 6 से 8 वर्ग में राउमावि रूड़कली से श्रीमती दीपा पटेल,और राउप्रावि जोगराज नगर (बालेसर) से वरिष्ठ प्रबोधक दोलतसिंह को सम्मानित किया गया।

### बारावफात का जुलूस निकाला

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर में आज ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का जुलूस निकाला गया। जलसा समिति के उस्ताद हाजी हमीम बक्श की सदारत में राजकीय उम्मेद स्टेडियम से जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस राजकीय उम्मेद स्टेडियम से रवाना होकर बम्बा, हाथीराम का ओड़ा, नई सड़क, सोजती गेट, कांठोस कार्यालय से स्टेशन, ओंलिपिंक सिनेमा रोड होते हुए ईदगाह जालोरी गेट सम्पन्न हुआ। जुलूस में मुस्लिम युवा झंडे लहराते हुए चले। मुस्लिम समाज के लोगों ने इसमें उत्साह से शिरकत की। जुलूस में जलसा कमेटी के पदाधिकारियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस पर कई जगह पुष्प वर्षा भी की गई। जुलूस के दौरान जलसा कमेटी के पदाधिकारियों का जगह-जगह स्वागत हुआ। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई। जुलूस के रूट पर विशेष तौर पर तैनात पुलिस जाब्ता भी किया गया।

### जवाई बांध का पानी छोडने की मांग

**सायला**, (निसं)। भारतीय किसान संघ तहसील सायला के बैनर तले शुक्रवार को क्षेत्र के किसानों द्वारा जवाई बांध का पानी प्राकृतिक बहाव में छोडने एवं सेई बांध के गेट बंद नही करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि जवाई बांध वर्तमान में पूर्ण भर चुका है तथा अतिरिक्त पानी छोडे जाने की आवश्यकता है। ताकि डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में किसी प्रकार की हानि न हो और पानी का समुचित लाभ क्षेत्र को मिल सकें। साथ ही सेई बांध के गेट बंद नही किए जाए। यदि सेई बांध का पानी भी नदी में छोडा जाएगा तो भू-जल स्तर में स्वाभाविक वृद्धि होगी। जिससे कुएं, बावडियां एवं ट्यूबवेलों का जल स्तर सुधरेगा तथा नदी रिचार्ज होकर भविष्य के लिए जल संरक्षण सुनिश्चित होगा। भाकिसं अध्यक्ष परबतसिंह राठौड, भंवरलाल पुरोहित, खंगारसिंह, बावतरा सरपंच पारसमल राजपुरोहित, सायला पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित, रमेश कुमार, जेठाराम मौजूद रहे।

### दादा अमीरुद्दीन की दरगाह पर रोशनी

**गुड़ामालानी**, (नि.सं.)। मुख्यालय पर शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर दादा अमीरुद्दीन हैदर की दरगाह को रंग रोगन एवं चमचमाती रोशनी लगाकर दरगाह परिसर की सजावट की वही सुबह अहिंसा सर्किल से वाहनों के साथ रैली निकालकर नारे तकदीर अल्लाह हो अकबर के जयकारों के साथ दरगाह परिसर पहुंची। दरगाह कमेटी के सदर जफर खान कोटवाल ने बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी त्योहार पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा यौमे पैदाइश पर कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। खंजासी रमजान खान कोटवाल व सचिव लाखु खा ने कहा कि कार्यक्रम के तहत जुलूस अहिंसा सर्कल से उदाणियो का वास, सब्जी मंडी,राणा प्रताप बाजार,कोटवालो का वास होते हुए दादा अमिरुदीन हैदर की दरगाह पहुंचा । दरगाह परिसर पहुंचने के बाद मिलाद व लंगर का प्रोगाम हुआ।

### गणपति के नाम भजन संध्या हुई

**सायला**, (निसं)। नगर के श्रीयादे माता मंदिर गली स्थित श्रीराम प्याऊ में सर्वधर्म मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय गणपति महोत्सव के आङ्गवें दिन एक शाम गणपति के नाम विशाल भंजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आगाज भजन गायक प्रकाश रामावत एंड पार्टी द्वारा गणेश स्तुति एवं गुरू वंदना के साथ किया गया। नृत्य कलाकारों द्वारा देवी देवताओं के स्वांग धारण कर झांकियों की प्रस्तुति दी गई।प्रतिदिन सुबह-शाम को आरती होती है। प्रसादी वितरित होती है। महिला मंडल द्वारा भी भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही है।

### टोकरा बांध का निरीक्षण किया

**रेवदर**, (निसं)। टोकरा बांध में पानी की आवक के बाद हुए ओवरफ्लो की स्थिति का जायजा लेने के लिए विधायक मोतीराम कोली और उपखण्ड अधिकारी राजन लोहिया ने शुक्रवार को सवेरे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हल्का पटवारी से पानी की आवक और बांध के ओवरफ्लो से प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान हालात की जानकारी ली, साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए। पंचायत समिति सदस्य परबाराम मेघवाल, कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल, सुल्तानसिंह पीथापूरा समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### एस.पी. आदर्श सिद्धू ने कार्य संभाला

**पाली**, (नि.सं.)। पाली पुलिस अधीक्षक के पद पर नए एसपी आदर्श सिद्धू ने आज पद भार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि उनका पहला उद्देश्य नशे के कारोबारी को पकड़ना, अपराधी तत्व पर लगाम लगाना होगा। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन शर्मा ने स्वागत किया।

# गंगानाथ महाराज चातुर्मास संपन्न कर भैंरूनाथ अखाड़ा पहुंचे, जयकारे गूंजे

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के कणियागिरी पर्वत स्थित सिरे मंदिर धाम पर चार्तुमास कर शुकवार को पीर गंगानाथ महाराज गाजो बाजो के साथ तिलकद्वार के अंदर स्थित भैरूनाथ अखाडा पहुंचे। पीरजी के चार्तुमास कर शोभायात्रा के रूप में भैरूनाथ अखाडा पहुंचने पर भक्तो ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं ने सामेला कर गुरूदेव का अभिनन्दन कर आशीर्वाद लिया।

चार्तुमास सेवा समिति के आयोजक पारसमल परमार ने बताया कि पीर गंगानाथ महाराज के आठवाँ चातुर्मास सिरे मंदिर धाम पर हुआ। पीर गंगानाथ महाराज शुभ मुहूर्त प्रातः 8 बजे सिरे मंदिर धाम से भैरूनाथ अखाडे के लिए प्रस्थान हुए। वही सिरे मंदिर धाम पर पीर गंगानाथ महाराज चार्तुमास सम्पन्न कर शुक्रवार को वाहन के माध्यम से सिरे मंदिर तलहटी से हरिदेव जाशी चौराहा पहुंचे। इससे पूर्व उन्होने सिरे मंदिर धाम पर स्थित मंदिरो में पूजा अर्चना करने के बाद ब्रह्मलीन केसरनाथ महाराज, जलंधरनाथ महाराज व गुरू ब्रह्मलीन पीर शांतिनाथ महाराज की प्रतिमा के समक्ष आशीर्वाद लेकर रवाना हुए। शोभायात्रा के रूप में भक्तो के साथ पीर गंगानाथ महाराज भक्तिमय स्वर लहरियो के बीच भैरूनाथ अखाडे के लिए रवाना हुए। शोभायात्रा में आगे अश्व सवार धर्म पताका लहरा रहा था। वही उसके पीछे बैड बाजो व ढोल ढमाको की थाप पर महिला भक्ति में लीन होकर नाचती नजर आई। वही पीरजी के जयकारो से फिंजा भी गुजंयमान हो उठी। शोभायात्रा में शहर के लोगो द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के भैरूनाथ अखाडे पहुंचने पर महिलाओं द्वारा तोरण कर पीरजी महाराज ने अखाडे में प्रवेश किया। इसके बाद पीरजी ने भगवान शिव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। पीर गंगानाथ महाराज के चार्तुमास पूर्ण करने पर लेटा महंत रणछोड भारती महाराज, करडा महंत काशीनाथ महाराज, जागनाथ महंत महेन्द्र भारती महाराज, सुरेश्वर महंत महावीर गिरी महाराज, डुडसी महंत विक्रमनाथ महाराज, हल्देश्वर महंत पीर मोहननाथ आईजी, धुणिया महंत सोमपुरी महाराज, सांथू महंत रणछोडपुरी महाराज, झरणेश्वर से सांईनाथ महाराज, उदयपुर के योगी रेवतीनाथ महाराज, मुंडेश्वर से बद्रीनाथ महाराज, हनुमान मंदीर के पवनपुरी महाराज, कबीर आश्रम से पुरणदास महाराज, योगी प्रेमनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज, योगी ईश्वरनाथ महाराज, योगी गोपालनाथ महाराज, योगी परागनाथ, योगी निर्भयनाथ सहित अन्य साधु संतों की उपस्थिति रही। पीर गंगानाथ महाराज के चातुर्मास पूर्ण कर भैरूनाथ अखाडे पहुंचने को लेकर प्रातः काल से भी भक्तो की भीड नजर आई। वही पीर गंगानाथ महाराज से आशीर्वाद के लिए भक्त उमड़े। शोभायात्रा में जालोर शहर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तो ने भाग लिया।

चार्तुमास सेवा समिति के अध्यक्ष मीठालाल दर्जी, व्यवस्थापक पारसमल परमार, शिवलाल प्रजापत, नैनाराम लोहार, गजाराम देवासी, प्रकाश नारायण गहलोत, नवीन सुथार, चम्पालाल सुथार, छतराराम घांची, बंशीलाल सैन, अमरसिंह महेशपुरा, हीरपुरी गोस्वामी, कांतिलाल सोनी, लालचंद प्रजापत, शांतिलाल सुथार, श्रवणसिंह बालोत, छतराराम सुथार, राणसिंह भायल, उमाकांत गुप्ता, फुटरमल शर्मा, सुरेन्द्रसिंह, श्रीराम वैध, मोहन पाराशर, कानाराम परमार, परमानंद भट्ट, डॉ रमेश चौधरी, हेमेन्द्र परमार, देवीसिंह, मानवेन्द्रसिंह, वगताराम प्रजापत, मकसा मेवाडा, कनिष्क चौधरी, भरत सुथार, हितेष प्रजापत, लक्ष्मणसिंह सांखला, बसंत सुथार, उत्तम प्रजापत, दिनेष प्रजापत, सुरेष सोलंकी, नंदू सोनी, बंशीलाल सोलंकी, हुकमीचंद मेवाडा, डा पवन ओझा सहित काफी भक्तजन मौजूद थे।

### लाभार्थी परिवार एवं कार्यकर्ताओं का बहुमान हुआ

चार्तुमास सेवा समिति के अध्यक्ष मीठालाल दर्जी ने बताया कि पीर गंगानाथ महाराज के चार्तुमास पूर्ण कर भैरूनाथ अखाडे पहुंचने पर चार्तुमास के लाभार्थी परिवार धर्मनारायण पुत्र थानमल जी गहलोत का चार्तुमास सेवा समिति की ओर से बहुमान किया गया। साथ ही चार्तुमास के दौरान विशेष सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। वही उपस्थिति साधु संतो को चार्तुमास सेवा समिति की ओर से भेंट पूजा प्रदान की गई। वही सभी भक्तो ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

## मुन्ना महाराज ने भाईचारे-मानवता का संदेश दिया

**जालोर**, (कासं)। जालोर में जश्ने-ए-ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में जहां धार्मिक जोश और उत्साह देखने को मिला, वहीं भाईचारे और मानवता का संदेश भी दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर शहर के सूरजपोल स्थित जबरनाथ महादेव मंदिर के मुन्ना महाराज ने जुलुस सूरज पोल के बाहर पहुचनें पर लोगों को पानी पिलाकर आपसी भाईचारे और इंसानियत का परिचय दिया।

जुलूस के दौरान रास्ते में खाने-पीने की चीजें सड़क पर फेंकी जाने से गंदगी फैल गई।

ऐसे में ऊपर कोटा मोहल्ला जालोर की सैयद समाज सेवा संस्था आगे आई और जुलूस के पीछे-पीछे चलकर सफाई कराई।

संस्था के उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो ने बताया कि मोहम्मद साहब के संदेश सफाई आधा ईमान को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो और शहर की स्वच्छता बनी रहे। लोगों ने ऐसे कार्य की सराहना की।

## त्याग तपस्या के साथ आचार्य जयमल की जयंती मनाई

**जोधपुर**,(का.सं.)। चौरड़िया भवन में आज आचार्य सम्राट जयमल म.सा. की जन्म जयंती तेले की तपस्या के रूप में मनाई गई। अनेक श्रावकों ने विविध तपस्या करने की अनुमोदना की। इस मौके ''जिनवाणी में आनन्द आवे'' पुस्तक का विमोचन किया गया।

नूतन ज्ञान कोष सेवा संस्थान महिलाबाग, जोधपुर द्वारा प्रकाशित,अमृत ललवानी द्वारा संकलित एवं मीना बोहरा द्वारा संपादित पुस्तक ''जिनवाणी में आनन्द आवे'' का विमोचन सुमति मुनि के सान्निध्य में किया गया। आज अपने चातुर्मास प्रवचन में समिति मुनि ने कहा कि संसार के मिले हुए सुख, सुविधा सामग्री का हमें त्याग करना चाहिए। ये सुख सुविधा हमें बहुत कुछ करने पर मिले है एवं बहुत कुछ करने के लिए मिले है।

आचार्य सम्राट जयमल म.सा. के संकल्पों से अवगत कराते कहा उन्होंने कहा कि आप भी भीष्म प्रतिज्ञा धारी बने।बड़ी स्त्री को माता समान एवं छोटी स्त्रीको बहिन सम्मान समझना चाहिए।

इससे पूर्व साध्वी श्री ने आचार्य सम्राट जयमल म.सा. के उच्च आदर्श की चर्चा करते उनके बताए मार्ग पर चलने की सीख दी।

उन्होंने कहा कि जयमल म.सा. दीक्षा उपरांत प्रथम चातुर्मास सोजत सिटी में हुआ । वहा चार माह में 7 अंगशास्त्र, पांच निरयावलिका, पंचसग्रह कंठस्थ किया। 3 वर्ष में 32 आगम कंठस्थ किये। अपने गुरु पूज्य भूघर जी के ज्ञानको आदर देने से पुण्यानुबंधी पुण्य प्राप्त हुआ।

संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा एवं मंत्री माणक ललवानी, अशोक बोहरा ने बताया कि आज 22 वर्षीय डाक्टर श्रेयांस ने आजीवन शील तप ग्रहण किये। आज हेमंत कांकरिया ने 10, सोहनलाल कांकरिया के 11, गजराज छाजेड़ के 14, एवं मंजू गोगड़ ने 18 की तपस्या ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

### रोमांचक मुकाबले

**सायला**, (निसं)। भंडारी हंसराज ताराचंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में चल रही 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र/छात्रा वॉलीबॉल में दूसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।

प्रतियोगिता सचिव व प्रधानाचार्य धीराराम चौधरी ने बताया कि राउमावि के क्रीडा स्थल पर शुक्रवार को प्रातःकालीन मैच छात्र वर्ग में राउमावि आसाना व राउमावि सामराणी के बीच खेला गया। जिसमे सामराणी की टीम ने जीत हासिल की। राउमावि सांकड व बालाजी विद्या मंदिर बिलड के बीच सांकड विजय रही। राउमावि मारूवाडा व राउमावि तेजा की बेरी के बीच खेले गए मैच में मारूवाडा की टीम विजय रही। राउमावि जेसावास व राउमावि थोबाऊ के बीच मैच में थोबाऊ की टीम ने जीत हासिल रही।

## शोभा यात्रा के साथ हिंगलाज महोत्सव शुरू

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री ब्रहम्क्षित्रय खत्री समाज द्वारा आयोजित हिंगलाज महोत्सव का शुभारम्भ अत्यंत हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर में एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें खत्री समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। शोभा यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का भी सशक्त परिचय दिया।

शोभा यात्रा हनुमान चौराहे से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, गोपा चौक और आसनी रोड होते हुए हिंगलाज मंदिर, गांधी कॉलोनी तक पहुंची। यात्रा में घोड़ों और ऊँटों पर सवार समाजबंधुओं की अगुवाई रही, जिनके पीछे मंगल कलश लिए एकरूप पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं और बालिकाएं चल रही थीं। देवी-देवताओं की मनोहारी झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर अल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था ने यात्रियों की सेवा भावना को दर्शाया।

इस विशाल आयोजन में जैसलमेर जिले के साथ-साथ अन्य शहरों से आए अतिथियों ने भी भाग लिया, जिससे समाज की व्यापकता और समरसता का परिचय मिला।

खत्री समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण दद्धा ने बताया कि इस आयोजन की सफलता का श्रेय एकता मंडल, महिला मंडल एवं हिमलाज किशोर मंडल को जाता है, जिन्होंने महीनों की तैयारी, समन्वय और सजावट में अपना पूर्ण योगदान दिया।

विशेष रूप से महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा की पारंपरिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की।

हिंगलाज मंदिर पहुंचने पर महाआरती एवं पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। तत्पश्चात समाज भवन में सभी समाजबंधुओं ने सामूहिक भोजन प्रसाद ठाहण किया। समाज अध्यक्ष श्री सत्यनारायण दड़ा ने उपस्थितजनों से लौद्रवा स्थित प्राचीन हिंगलाज मंदिर में दर्शन हेतु प्रस्थान करने की अपील की।

### लौद्रवा में मेले की परंपरा और सहयोग की भावना

लौद्रवा में स्थित मां हिंगलाज का प्राचीन मंदिर दशकों से ब्रह्मिक्षत्रय समाज की आस्था का केंद्र रहा है, जहां प्रतिवर्ष मेले का आयोजन होता है। इस वर्ष भी समाजबंधु बसों एवं निजी साधनों से वहां पहुंचे।

समाज कोषाध्यक्ष श्री मोहनलाल बिछड़ा ने नेले के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग का निवेदन किया और सहयोग करने वाले सभी बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा विशेष ट्रेन रामेश्वरम रवाना

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर से वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2025 के अंतर्गत विशेष वातानुकूलित रेलगाड़ी को देवस्थान एवं पशुपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष रेलगाड़ी पाली और जवाई बांध होते हुए रामेश्वरम व मदुरई पहुंचेगी, जहां वरिष्ठ नागरिक पावन देवस्थलों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यात्रा में जोधपुर से 300 से अधिक वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए, जबकि पाली से 200 और जवाई बांध से 126 श्रद्धालु इस आध्यात्मिक सफर से जुड़े। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं में उल्लास और भक्ति का विशेष भाव देखने को मिला।

कार्यक्रम में देवस्थान एवं पशुपालन विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मीनारायण सोलंकी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर देवस्थान विभाग जोधपुर के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल, निरीक्षक दीपक कुमार दवे, गोविन्द सिंह भाटी सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## 'अतिवृष्टि प्रभावित फसलों का जल्द आंकलन करें'

**पाली/सुमेरपुर**, (नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को अपने सुमेरपुर विधानसभा में बारिश से हुए व्यापक नुकसान का आकलन करने के लिए दौरा किया। उन्होंने इलाके में वर्षा प्रभावित ग्राम पंचायत बिरामी में बिरामी की ढाणी, बड़ली, नौखरा बेरा इत्यादि गांवों का जायजा लिया और लोगों से मुलाकात की। मंत्री ने ग्रामीणों से राशन वितरण और मेडिकल सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

दौरे के बाद मंत्री कुमावत ने अतिवृष्टि से जलभराव के कारण स्कूलों व अनेक सरकारी भवन, चारदिवारी क्षितठास्त हो गई हैं। इसके अलावा सड़कों पर पानी भरने से उनमें गढढे बन चुके हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची बस्तियों में जलभराव के कारण वहां वर्षा जनित बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ गई है। वहीं, बांधों में जलस्तर लगातार बढ रहा है, सिंचाई विभाग के अधिकारियों को उनकी निगरानी के निर्देश दिए हैं। फसलों में पानी की निकासी नहीं होने से उनमें पीलापन दिखाई देने लगा है, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। ऐसे में फसल खराबे का सर्वे कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करने के लिए तहसीदार व पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों का आंकलन कर उनके पेचवर्क करने के आदेश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए है। वहीं गांवों में ओवरफ्लो हो चुके तालाबों की निगरानी के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को हिदायत दी गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इस दौरान मंत्री कुमावत ने पाली जिला कलेक्टर से दूरभाष पर वार्ता की व आवश्यक निर्देश दिए।

शिवराज सिंह, जयेंद्र सिंह गलथनी, पशुपालन प्रकोष्ठ के जोराराम देवासी, महिपाल सिंह कर्णोत, शांतिलाल, सूजाराम चौधरी, छगन सिंह पुरोहित, पटवारी हितेश चौधरी, सज्जन सिंह, ग्राम सेवक भगवत सिंह राठौड़, मीठालाल, पीएचईडी के एईएन खैमराज बैरवा मौजूद रहे।

### सुमेरपुर में अधिकारियों की बैठक ली

कुमावत ने नगरपालिका सभागार में अधिकारियों की बैठक में उन्होंने वर्षा से हुए नुकसान की स्थिति को लेकर चर्चा की। मंत्री ने क्षतिग्रस्त भवनों, सड़कों इत्यादि की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जलभराव वाले स्थानों से पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने के आदेश दिए। तहसीलदार दिनेश आचार्य ने प्रशासन द्वारा राहत के उपायों तथा प्रभावित लोगों के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुई क्षति के आंकलन के लिये पटवारियों के द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है।

## शहीद राजूराम विश्नोई की प्रतिमा का अनावरण

**जोधपुर**, (कासं) । ग्राम पंचायत हमीर नगर (धवा) में शुक्रवार को अमर शहीद नायक राजूराम विश्नोई की प्रतिमा का अनावरण समारोह संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर और राजस्थान राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई के आतिथ्य में आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि भारत-चीन सीमा पर वर्ष 2020 में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए नायक राजूराम विश्नोई का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष बाजोर ने कहा कि यह स्मारक हमारे राष्ट्र के लिए उस वीर के अमर बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने शहीद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान पूर्व विधायक महेंद्र सिंह विश्नोई, पूर्व प्रधान शैलाराम सारण,श्रीमती जोगी देवी विश्नोई, श्याम खीचड़, शहीद की धर्मपत्नी वीरांगना श्रीमती सुगना देवी, पिता घेवर राम मांजू, उपखण्ड अधिकारी लूणी पुखराज कांसोटिया, तहसीलदार इमरान खान, विकास अधिकारी धवा ओमप्रकाश सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## 'आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा' सहित कई नारे गूंजे

**पाली**, (नि.सं.)। पैगम्बर हजरत मोहम्मद स.अ. व.के 1500 वे जन्मोत्सव ईद मिलानुदुबी पर पाली में 'नबी की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा' सहित कई नारे गूंजे उठे। बेंड बाजो पर गूंजते नारो पर जुलुस निकाला गया। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरा।

ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में सुबह से ही नाड़ी मोहल्ला में ट्रेक्टर, खुली जीप, बाइक पर सवार होकर मुस्लिमजन पहुचे। जहाँ सर्वप्रथम पाली के आइमा ए मसजिद एवं मुफ़्ती ज़ाकिर हुसैन नईमी (यू पी) ने अपने बयान तकरीर में तमाम आलम ए इंसानियत को ईद-ए-मिलादुन्नबी मुबारकबाद देते हुए कहा कि मोहम्मद साहब ने इंसानियत के लिये रहमत, हज़रत मुहम्मद (स.अ.व.) ने पूरी दुनिया में अमन,बराबरी और ग़रीबों की हिमायत का पैग़ाम दिया।औरतों को उनके हक़ दिलाये और बहुत सी सामाजिक बुराइयों को दूर करके एक मुकम्मल निज़ाम-ए-हयात अता किया।

कार्यक्रम में ईद मिलादुन्नबी पर मोहल्लों में सजावट एवं विभिन्न झांकियों में प्रथम इंदिरा कॉलोनी तथा खरादियो की गली, द्वितीय बुसी गली एवं तृतीय स्थान अरान अली डायर नाड़ी मोहल्ला को, मोहल्ला सजावट में जंगीवाड़ा चौक प्रथम, द्वितीय सिपाहियों का बास, तृतीय छिपो का हेटला बास जाकिर हुसैन रोड़, मकान सजावट में अबरार हुसैन प्यारा चौक को अंजुमन सीरतुन्नबी के सदर हाजी मोहम्मद रफिक गौरी ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया।

यह जानकारी देते हुए अंजुमन सीरतुन्नबी के प्रवक्ता आमीन अली रंगरेज़ ने बताया कि जुलूस नाड़ी मोहल्ला मिलाद चोक से रवाना होकर केरिया दरवाजा, बादशाह का झंडा, गजानन्द मार्ग, जंगीवाड़ा, नवलखा रोड, प्यारा चोक, रुई कटला, उदयपुरिया बाजार, सर्राफा बाजार, बादशाह झण्डा होते हुए पुनः नाड़ी मोहल्ला पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

रास्ते मे अंजुमन सीरतुन्नबी कमेटी के पदाधिकारियों एवं जुलूस का विभिन समाजिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह पर एवं सर्राफा बाजार में हिन्दू समुदाय के पाली अधिकमास परिक्रमा संघ द्वारा स्वागत किया गया।

जुलूस की व्यवस्थाओं को लेकर कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद रफ़ीक गौरी, मुस्लिम समाज सदर हकीम भाई, विधायक भीमराज भाटी, हाजी महबूब टी, सय्यद रमज़ान सर, सेकेट्री सईद अंसारी, पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज़, इंसाफ सोलंकी, मेहबूब खिंवाड़ा, यूसुफ असरफी, शकील अहमद नागोरी, इस्माईल खान छिपा, फरीद खान छिपा, नजीर खान सिंधी, यूसुफ मोयल, फारूक रंगीला, आमीन गौरी, इकबाल नगरवाला, मकसूद चुड़ीगर, हसन भाटी, हाजी इसराइल खत्री, जावेद जिलानी सहित दर्जनों सदस्यो ने सहयोग दिया।

# आमद ए रसूल के जुलूस में भीड़ उमड़ी

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर आमद ए रसूल के जुलूस में मोमिनो की भीड उमडी । शाही जामा मस्जिद में आयोजित मिलाद शरीफ में मोमिनो को ईमान पर चलने का किया आव्हान किया। वहीं इस मौके पर रक्तदान शिविर में भी बढ़ चढ़कर युवाओं ने भाग लिया।

जालोर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर मोमिनो में उत्साह नजर आया। अलसुबह ही दरगाह गैबनशाह गाजी पर विभिन्न मोहल्लो से मोमिन जुलूस में शिरकत करने पहुंचे । जुलूस के आगे मोहम्मदी ध्वज लहरा रहा था।इसके पीछे आमद ए रसूल..., आका का मिलाद ....कई सदाओं से फिंजा भी गुंजयमान हो उठी। जुलूस में वाडिया मदरसा के बच्चे पुरे अनुशासन के साथ एक नई मिशाल पेश करते नजर आये । वही उसके पीछे मक्का मदीना के दीदर करने के लिए मॉडल भी आकर्षक के केन्द्र रहे। जुलूस में टेक्टर , टैक्सी अन्य वाहनो पर बच्चो में जोश देखते ही नजर आया। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो से होता जामा मजिस्द के वसी मैदान पहुंचा। जुलूस में पूरे रास्ते विभिन्न संगठनो व मोमिनो द्वारा शरबत, पानी, सहित अन्य सामान का वितरण किया। जुलूस में इस बार मोमिनो में आका ए रसूल की मोहब्बत देखने को मिली। जुलूस के दौरान पुलिस व प्रशासन की माकूल व्यवस्था रही। वही दोपहर साढे बजे जामा मस्जिद में मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ । जिसमें मौलाना सैयद नययर अशरफ अशरफी किब्ला किछोछा शरीफ ने तकरीर करते हुए कहा कि आका ए रसूल ने हमेशा महिलाओ को समानता का अधिकार दिया। उन्होने मोमिनो को आका ए रसूल के पदचिन्हो पर चलने के साथ अपने ईमान पर कायम रखने की बात कही। उन्होने हजरत मोहम्मद स. अ. स. के पैदाईश से लेकर उनके जीवन के बारे में मोमिनो को बताया तथा उनके बताये रास्ते पर चलने की बात कही।

इससे पूर्व नात ख्वा कारी तौफिक रजा पाली ने एक से बढकर नातिया कलाम के नग्मे गुनगुनाकर मोमिनो को झुमने पर मजबूर कर दिया । इस दौरान जामा मस्जिद के मौलाना मुफती मारुफ ,मौलाना रफीक आलम अशरफी, कारी अहमद रजा नक्शबंदी, मौलाना गुलाम अली, मौलाना वकार आजम, मौलाना नियाज अहमद सिददीकी, मौलाना सलीम मुस्तफाई, मौलाना सुल्तान सिद्वदीकी, मौलाना दाउद आलम जीयाई, मौलाना अरबाब जीयाई, मौलाना इकबाल सिद्विकी, मौलाना इल्हा कुल कादरी , मौलाना इलियास, मौलाना अब्दुल सतार नूरी सहित मौलाना रौनक के स्टेज रहे। जिलेभर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत, एहतराम से मनाया गया।

### 55 जनों ने किया रक्तदान

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के 1500 साल के अवसर पर शुक्रवार को जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर अमन दिवस के रूप में मनाया कार्यक्रम संयोजक महबूब खान मुल्तानी ने बताया कि जश्ने मिलादुन्नबी के अवसर पर फिजूल खर्ची के बजाय रक्तदान जैसे सामाजिक कार्य करने चाहिए सबका कर्तव्य है कि रक्तदान जैसे कार्य में बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए और कहा कि आपका रक्तदान किसी की जान बचा सकता है।रक्तदान महादान एक पुण्य कार्य है। शिविर में जालौर जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक से मेडिकल टीम में डॉ.रोहिताश, विनोद वैष्णव, लक्ष्मण कुमार, जावेद जोया सुरेश कुमार, धर्मेंद्र , अरबाज खान, राकेश,महेंद्र कुमार, सुनिल, हीरसिंह में मौजूद थे। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्त वीरों को मुस्लिम समाज की ओर से प्रमाण पत्र उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 55 रक्त वीरों ने रक्तदान किया और लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए जागरूक किया।

शिविर को सफल बनाने में आसिफ खोखर,नाहिद अली, जावेद शेख, नदीम अली, साहिल, कलीम नागौरी, अब्दुल मजीद, सोनू सैय्यद, सरफराज सैयद, रमजान खान ,शहजाद खान जी सिलावट , नूर मोहम्मद , असलम खान बिशनगढ, माजिद मलिक, जहांगीर खान सिलावट, शकील खान फिरोज खान, जानशेर खान सहित लोग शामिल थे।

## जिला शिक्षक समारोह हुआ

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर में शिक्षक दिवस पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय मालगोदाम रोड में आयोजित हुआ।

जिला स्तर पर भगराज चौधरी, वरिष्ठ अध्यापक, राउमावि लूखो का नाडा पंचायत समिति धोरीमना ,कक्षा 9 से 12 व प्रदीप कुमार पाराशर अध्यापक राउमावि पुरोहितों की बस्ती मूढों की ढाणी ब्लॉक बाडमेर ग्रामीण कक्षा वर्ग 6 से 8, श्रवण पुरी अध्यापक राप्रावि मण्डानेर ब्लॉक चौहटन का कक्षा वर्ग 1 से 5 को प्रशस्ति पत्र, शॉल, साफा-माला,स्मृति चिन्ह व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।